भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 503

05 फरवरी, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: देश में उत्पादित शीर्ष दस फसल और उनकी खरीद

503 श्री कुमार केतकर:

श्री नीरज डांगीः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2016 से देश में उत्पादित शीर्ष दस फसलों की वर्ष-वार उत्पादन मात्रा (किलोग्राम) में कितनी-कितनी है;

(ख) देश में कृषि बाजारों में आई 10 शीर्ष फसलों की (किलोग्राम के अनुसार) वर्ष-वार मात्रा कितनी-कितनी है;

(ग) क्या वर्ष 2016 से इन फसलों को नामित बाजार के बाहर बेचने में लिप्त व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया गया है; और

(घ) यदि हॉ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है?

उत्तर

(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री)

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ख): देश में 10 शीर्षस्थ फसलों की उत्पादित मात्रा (वर्ष 2019-20 के चौथे अग्रिम अनुमानों के अनुसार) और कृषि बाजारों में उनकी आवक का वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 तक ब्यौरा**अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) से (घ): वर्ष 2016 से अगस्त 2020 तक की अवधि के दौरान नामित बाजरों में फसलों की बिक्री कृषि उत्पाद विपणन समिति (एपीएमसी) अधिनियम द्वारा शासित होती है जिसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है जो इस अधिनियम के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई करती हैं। ऐसे मामलों का ब्यौरा केंद्र सरकार द्वारा नहीं रखा जाता है।

अनुबंध

दिनांक 05.02.2021 को देय राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 503 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2016 से देश में उत्पादित दस शीर्षस्थ फसलें (000' किग्रा)

क्र.सं.	फसलें	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20*	2020-21**
1	गन्ना	306,068,740	379,904,852	405,416,400	355,699,712	399,833,379
2	चावल	109,698,433	112,757,606	116,477,819	118,425,825	102,363,844@
3	गेहूं	98,510,232	99,869,524	103,596,200	107,592,000	#
4	आलू	48,604,565	51,310,010	50,189,524	48,662,287	#
5	मक्का	25,899,866	28,752,885	27,715,100	28,636,681	19,880,479@
6	प्याज	22,427,416	23,262,325	22,819,427	26,147,950	#
7	टमाटर	20,708,426	19,759,319	19,007,237	21,194,722	#
8	चना	9,377,557	11,379,189	9,938,000	11,350,059	#
9	सोयाबीन	13,158,730	10,932,972	13,267,500	11,215,006	13,582,679
10	बाजरा	9,729,864	9,208,847	8,664,000	10,284,699	9,229,261

* चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार 2019-20

** प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार 2020-21

वर्ष 2020-21 के लिए अग्रिम अनुमान अभी जारी नहीं किए गए हैं।

@ वर्ष 2020-21 के लिए केवल खरीफ फसलें शामिल हैं।

वर्ष 2016 से देश में उत्पादित दस शीर्षस्थ फसलों की अखिल भारतीय मंडी आवक (000' किग्रा)

क्र.सं.	फसलें	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21 (29.01.2021 तक)
1	गन्ना*	191,956,000	301,347,000	310,235,000	252,332,000	114,680,000**
2	चावल	38,844,321	41,718,787	5,849,534	5,701,377	2,647,049
3	गेहूं	29,831,859	33,327,698	25,935,820	20,680,330	3,916,956
4	आलू	11,794,097	12,725,042	11,551,426	9,607,420	3,824,547
5	मक्का	5,289,598	6,839,047	5,849,534	5,701,377	2,647,049
6	प्याज	12,904,494	12,679,362	13,829,004	11,018,499	6,124,163
7	टमाटर	3,641,893	3,401,006	3,585,759	3,263,651	2,121,092
8	चना	1,972,020	3,944,861	3,376,202	2,232,522	686,486
9	सोयाबीन	5,501,157	6,084,102	7,338,166	5,436,252	3,423,226
10	बाजरा	1,283,282	1,504,627	1,015,386	1,340,795	617,328

स्रोत: एग्मार्कनेट

* चीनी मिलों द्वारा प्राप्त तथा पेराई किए गए गन्ने की मात्रा

** 31 दिसंबर,2020 तक पेराई किया गया गन्ना

*****